Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding shortage of teachers and other facilities in Medical colleges in Jharkhand.

श्री सुनील सोरेन (दुमका): माननीय सभापति महोदया, झारखण्ड राज्य में वर्ष 2019 में तीन नए मेडिकल कॉलेजेज की स्थापना की गई थी, इनमें से एक हमारे संसदीय क्षेत्र दुमका में स्थापित फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज भी है । इन तीनों मेडिकल कॉलेजेज में से दुमका मेडिकल कॉलेज की स्थिति अति दयनीय है । यहाँ लैब, कैडेवर एवं रसायन की सुविधा का अभाव है । इसके साथ-साथ यहाँ लैब असिस्टेंट और पैरा-मेडिकल स्टाफ की भी कमी है । इतना ही नहीं, यहाँ पुस्तकालय एवं पुस्तकालय कर्मियों की भी कमी है ।

कॉलेज में चिकित्सा-शिक्षक की कमी के कारण चिकित्सकों का घोर अभाव है । यहाँ बिजली-पानी की उचित व्यवस्था नहीं है । राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा गठित एक राष्ट्रीय टीम निरीक्षण हेतु दुमका मेडिकल कॉलेज गई थी । दुमका मेडिकल कॉलेज की संरचना राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मापदण्ड के अनुसार नहीं होने के कारण नए सत्र में छात्र-छात्राओं का नामांकन बन्द कर दिया गया है ।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से मांग करता हूँ कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मापदण्ड के अनुरूप उपरोक्त वर्णित गंभीर समस्याओं का निदान अतिशीघ्र किया जाए ताकि छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन व्यवस्थित ढंग से हो सके और छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल हो सके ।